दिन– मंगलवार दिनांक– 14 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आज पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर की शुरूआत की गयी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने उन आवेदकों की समस्याएं सुनीं, जो जिला स्तर पर आयोजित सहयोग कार्यक्रम में मिले समाधान से संतुष्ट नहीं थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समस्याएं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन हर महीने के दूसरे मंगलवार को किया जायेगा।

———————————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। उपचुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस चुनाव के लिए कुल चालीस उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रमुख उम्मीदवारों में एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार सिन्हा, राजद की ओर से रेखा गुप्ता, जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर और जन शक्ति जनता दल की वीणा मानवी शामिल हैं। प्रत्याशी सोलह जुलाई तक नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने चारा घोटाले के एक मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की जमानत रद्द करने से इंकार कर दिया है। साथ ही न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश में भी हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसके तहत लालू प्रसाद को जमानत मिली थी। न्यायालय ने राजद अध्यक्ष की लंबित आपराधिक अपील

पर झारखंड उच्च न्यायालय को छह महीने के अंदर सुनवाई पूरी करने को कहा है। यह मामला देवघर कोषागार से अवैध निकासी का है।

————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने नीट–यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट और रिकॉर्ड किए गए उत्तर जारी कर दिए हैं। एजेंसी ने बताया कि उम्मीदवार एनटीए की वेबसाइट नीट डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपने आवेदन नंबर से लॉग इन कर के अपनी ओएमआर शीट और उत्तर देख सकते है। उम्मीदवार अपने चिह्नित उत्तरों की तुलना स्कैनर द्वारा पढ़े गए उत्तरों से कर सकते हैं। यदि कोई उत्तर मेल नहीं खाता है, तो उम्मीदवार प्रश्न का चयन करके अपने चुने हुए विकल्प पर निशान लगा सकते हैं और दो सौ रुपये के शुल्क का भुगतान करके चुनौती दे सकते हैं। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि चुनौती सही पाए जाने पर शुल्क वापस कर दिया जाएगा। ओएमआर चुनौती सुविधा इस महीने की पंद्रह तारीख तक उपलब्ध रहेगी।

————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज, अररिया और सुपौल जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है।

————————————————————————

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। मौके से तीन अपराधियों को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————

खगड़िया पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के ईनामी अपराधी सतीश यादव को गोगरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

————————————————————————

भागलपुर जिले के जमालदीपुर गांव स्थित विश्वकर्मा चौक के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इधर, सुपौल जिले के छातापुर थाना क्षेत्र स्थित बजरंग चौक के पास एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।